हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

खबर संक्षेप

इन जगहों पर बंद रहेगी बिजली आज

बिलासपुर। मेंटनेंस व नया पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने के लिए व्यापार विहार सबस्टेशन से निकलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई शनिवार की सुबह 11 से 2.30 बजे ठप रहेगी। इस दौरान 11 केवी अज्ञेय नगर, हाईकोर्ट फीडर, हर्ष विहार फीडर, तारबहार फीडर की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। जिससे व्यापार विहार, विनोबा नगर, क्रांति नगर, वैशाली नगर, हंसा विहार, एफसीआई चौक, सांई परिसर, मेग्नेटो मॉल, डीपूपारा, आनंदम होटल के आसपास की बिजली गुल रहेगी।

गायत्री शक्तिपीठ का स्वास्थ्य शिविर कल

बिलासपुर। गायत्री शक्तिपीठ और हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौंजन्य से 25 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर हदेवल लाल मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में लगाया जा रहा है। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसबी सिंह, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे।

गायत्री शक्तिपीठ में जिला स्तरीय बैठक कल

बिलासपुर। गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर सभागार में जिला स्तरीय बैठक 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से आयोजित की जा रही है। यह जानकारी नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि बैठक में गायत्री परिवार के रचनात्मक कार्यों की समीक्षा होगी।

चक्रधरपुर में होगा नॉन इंटरलाकिंग का कार्य

दीपावली और छठ के बाद 50 ट्रेनें रद्द रहेंगी दिसम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली और छठ के बाद रेल प्रशासन ने एक साथ हावड़ा से बिलासपुर होकर रायपुर, नागपुर से मुम्बई के बीच चलने वाली 50 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के पहियों को दिसम्बर माह तक रोकने का आदेश जारी कर दिया है। दिसम्बर माह में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



दीपावली और छठ पर्व के बाद दिसम्बर माह में बच्चों की शीतकालीन छुट्टियां शुरु हो जाती है, इस दौरान परिजन भी अपने बच्चों के साथ बाहर आना-जाना करते हैं। हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों में भीड़ अधिक होने के कारण लोग दो माह पहले ही बुकिंग करते हैं, ताकि कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक सफर भी हो सके। वहीं चक्रधरपुर रेल मंडल के झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित ट्रेनों का परिचालन 27 नवम्बर से लेकर 17 दिसम्बर तक अलग-अलग तिथियों में रद्द किया गया है। इसके अलावा 28 नवम्बर, 5 एवं 7 से 14 दिसम्बर तक योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, अंगुल, कटक के रास्ते पुरी जाएगी। वहीं 6 से 15 दिसम्बर तक पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक, अंगुल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब के रास्ते योगनगरी ऋषिकेश तक चलेगी। 28 नवम्बर, 4 से 15 दिसम्बर तक आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त होगी।

रद्द ट्रेनों का चार्ट पेज 3 पर

दो साल से चल रहा काम

पिछले दो साल से दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल में अधोसंरचना और अन्य कार्यो की वजह से नॉन इंटरलाकिंग और इंटरलाकिंग के कारण ब्लॉक से बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से होकर चलने वाली 200 से अधिक पैसेंजर, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के रद्द होने की वजह से हजारों की संख्या में यात्री हलाकान हो चुके हैं। इस रूट पर कभी ट्रेनों को अचानक डायवर्ट करने के साथ रद्द करने का आदेश जारी कर दिया जाता है। एक माह पहले ही चक्रधरपुर रेल मंडल में नॉन इंटरलाकिंग के कारण 75 से अधिक ट्रेनें रद्द हो चुकी हैं। एक बार फिर रेल प्रशासन की ओर से दीपावली और छठ पर्व के बाद 50 ट्रेनों को रद्द करने नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

दो ट्रेनों का संचालन नए एलएचबी कोच से

रेल प्रशासन ने दो ट्रेन शालीमार और सांतरागाछी एक्सप्रेस के पुराने कोच को हटाकर नए एलएचबी कोच से चलाने का आदेश दिया है, जिससे यात्रियों को अधिक बर्थ के साथ आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। गाड़ी संख्या 12905 पोरबंदी से शालीमार एक्सप्रेस को अब तक पुराने कोच से परिचालन किया जा रहा है, जिसे 21 अक्टूबर से और 12906 शालीमार-पोरबंदी एक्सप्रेस को 23 अक्टूबर से पारंपरिक कोच के स्थान पर आधुनिक एलएचबी कोच से चलाया जाएगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस में 23 अक्टूबर से और 12950 सांतरागाछी-पोरबंदी एक्सप्रेस में 25 अक्टूबर से एलएचबी कोच से परिचालन किया जाएगा।

तेजी से हो रहा बिल्हा स्टेशन का पुनर्विकास

एसईसीआर बिलासपुर जोन के बिल्हा रेलवे स्टेशन का विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 8.85 करोड़ रुपए से करने का कार्य तेजी से चल रहा है। दाधापारा से दगौरी के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इससे रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि, यातायात के दबाव को कम करना और समय पालन में सुधार होने की संभावना है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दाधापारा स्टेशन पर स्टेशन बुकिंग आफिस, सिग्नल एवं टेलीकॉम गुमटी में जाकर यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, टिकिटिंग व्यवस्था, संचार प्रणाली एवं संरक्षा मानकों साथ ही बिल्हा स्टेशन में 8.85 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है।





New Generation®
THE COMPLETE FAMILY STORE
Raipur | Bilaspur

presents

The Shadi Show
WEDDING COLLECTION
&
FESTIVE COLLECTION

Because Your Convenience Matters!
We're open till 12 Midnight this
Saturday & Sunday.

MEN, WOMEN AND KIDS | ETHNIC, CASUAL AND PARTY WEAR

Bilaspur: Phil Group Tower, CMD Chowk | Call: +91 8889013100
Raipur: Gate No.4, New Cloth Market Pandri | Call: +91 8889013777

Follow Us on Instagram: @NEWGENERATION.SHOP_

Concept & Creative By: AdPRAYAS

खबर संक्षेप

शरद पूर्णिमा पर श्वास दमा की औषधि का निःशुल्क वितरण

बिलासपुर। शरद पूर्णिमा पर श्वास दमा की औषधि का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके लिए वैद्यनाथ दवाई दुकान में दवाएं शरद पूर्णिमा पर निःशुल्क उपलब्ध है। जूनी लाइन अग्रसेन भवन के पास स्थित श्री लक्ष्मी औषधि भंडार



वैद्यनाथ दवाई दुकान के संचालक आयुर्वेद चिकित्सक डा. नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि हमारे यहां शरद पूर्णिमा पर 50 साल से दवाई का वितरण किया जा रहा है। श्वास दमा के मरीजों को अप्रत्याशित लाभ मिलता है। श्वास एवं दमा के मरीजों को लगातार 3 साल तक दवा का सेवन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हजारों लोग उक्त दवा को लेने के लिए बिलासपुर सहित अन्य शहरों से लोग यहां आते हैं। एक खास समय में जड़ी बूटी को तोड़ा जाता है। एवक विशेष समय में दवाओं का निर्माण किया जाता है। शरद पूर्णिमा की रात को खीर में उक्त दवा का सेवन किया जाता है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा में रात को अमृत की वर्षा होती है इसमें खीर मिश्रित दवाएं लाभ पहुंचाती हैं। आयुर्वेद के तीन आधार स्तंभ हैं वात, पित्त, कफ एक स्वस्थ शरीर में उक्त तीनों का समान एवं निश्चित मात्रा में रहता है। किसी भी एक प्रकार के कम या अधिक होने पर शरीर में बीमारी होती है। डा. शर्मा ने बताया कि उनके यहां नियमित रूप से मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया जाता है।

छग के नए भूमि विकास नियम प्रदेश के व्यापार और उद्योग के लिए संजीवनी : कैट

बिलासपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 42 साल पुराने भूमि विकास नियमों में किए गए



ऐतिहासिक बदलावों का पुरजोर स्वागत किया है। कैट बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानन्द जयसिंह ने इस फैसले को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में राज्य सरकार का एक क्रांतिकारी कदम बताया है, जो प्रदेश के छोटे और मध्यम व्यापारियों को लालफीताशाही से बड़ी राहत देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमीनों के उपयोग के लिए 'नेगेटिव लिस्ट' मॉडल को लागू करना एक दूरदर्शी निर्णय है। पुरानी व्यवस्था में व्यापारियों को अपनी ही जमीन पर कोई नया व्यवसाय शुरू करने या लेआउट में मामूली बदलाव के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। उन्होंने कहा कहा कि आवासीय क्षेत्रों में कमर्शियल गतिविधियों के लिए लेआउट पास कराने की स्वतंत्रता मिलने से उन युवाओं और छोटे व्यापारियों को सीधा फायदा होगा, जो महंगे कमर्शियल किराए का बोझ नहीं उठा सकते। अब वे अपने घर के आसपास ही अपना व्यवसाय, दफ्तर या शोरूम शुरू कर सकेंगे। कैट राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अजमानी, दिलीप खेंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय मित्तल, श्रीकांत पांडे, प्रमोद वर्मा, आशीष अग्रवाल, परमजीत उबेजा, अनिल राघवानी, प्रवीण सलूजा, हरदीप होरा,अरविंद वर्मा, संतोष पांडे, मुकेश लालचंदानी ,कैलाश भीमनानी, बंटी सचदेव ने निर्णय का स्वागत किया है।

रोटरी क्लब ने राष्ट्रीय पाठशाला के बच्चों को पोलियो रोग के प्रति किया जागरुक



बिलासपुर। विश्व पोलियो दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर के अध्यक्ष अमित चक्रवर्ती ने बताया कि आज राष्ट्रीय पाठशाला में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष पोलियो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी, इसके बचाव में टीकाकरण की महत्ता तथा भारत को पोलियो मुक्त बनाने में रोटरी के ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराना था।उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। एस.पी. चतुर्वेदी ने बताया कि रोटरी के सदस्यों ने वर्षों तक समर्पण एवं सेवाभाव के साथ पोलियो उन्मूलन अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आर.ए. शर्मा ने पोलियो वायरस के वैज्ञानिक पहलुओं, इसके दुष्प्रभावों तथा टीकाकरण की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। डॉ. नवनीत सिंह ने बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा, समय पर टीकाकरण और जागरूकता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। हमीदा सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को पोलियो वैक्सीन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. सक्सेना, रमेश जोवनपुत्रा, दीपक खंडेलवाल, अमित चक्रवर्ती, रंजीत सिंह बाली, रोहित शिवहरे, श्याम मित्तल, डॉ. नवनीत सिंह आदि मौजूद थे। प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व को पोलियो मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराने तथा टीकाकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

निधन

निपेश तिवारी



बिलासपुर। प्रियदर्शिनी नगर निवासी निपेश तिवारी का 21 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 अक्टूबर गुरुवार को भारती नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश तिवारी के सुपुत्र, त्रयक्ष, पृथ्वीजीत तिवारी के पिता एवं निलेश, साकेत तिवारी के भाई थे।

राजकुमार निर्मलकर



बिलासपुर। ग्राम महमंद निवासी राजकुमार निर्मलकर का शुक्रवार 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे विक्की निर्मलकर के पिता थे। वे अपनी पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

सुशील मतलानी (मुंडू)



बिलासपुर। स्मार्ट रोड संजीवनी हॉस्पिटल के पास रहने वाले सुशील मतलानी (मुंडू) का स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 बजे उनके निवास से झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कॉलोनी के लिए निकलेगी। वे स्व. गिरधारी लाल मतलानी के सुपुत्र, रोहित (सेम) मतलानी के पिता थे।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने संघ प्रांत पदाधिकारियों की ली बैठक

समाज में काम करते हुए अपने जीवन को शुद्ध रखें: भागवत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कड़ी सुरक्षा के बीच अमरकंटक एक्सप्रेस से रवाना



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने बिलासपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर कोनी-बिरकोना में प्रांत प दा धि का रि यों , संगठन प्रमुखों की दो सत्रों में बैठक ली। आरएसएस प्रमुख ने सभी पदाधिकारियों से संगठन के स्वरूप और कार्यों को लेकर चर्चा की और उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने दो दिवसीय बिलासपुर प्रवास के दौरान पहले दिन बौद्धिक वर्ग को संबोधित किया और दूसरे दिन शुक्रवार को दो अलग-अलग सत्रों में प्रांत पदाधिकारियों, संगठन प्रमुखों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने प्रचारकों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना कि समाज, जीवन में कार्य करते हुए उन्हें किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मोहन भागवत ने संघ के स्वरूप और कार्यों को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने प्रांत पदाधिकारियों, प्रचारकों और संगठन प्रमुखों से कहा कि समाज में काम करते हुए अपने जीवन को शुद्ध रखें, ताकि उनके जीवन से लोग प्रेरित हो सकें। बैठक में संगठन विस्तार एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

श्री भागवत के प्रवास के दूसरे दिन कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक संघ पदाधिकारियों का मिलना-जुलना लगा रहा। रात में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री भागवत का काफिला शिशु मंदिर परिसर से उसलापुर स्टेशन के लिए रवाना हुआ और रात को अमरकंटक एक्सप्रेस से श्री भागवत रवाना हो गए।

गोद ग्राम नेवसा में पारंपरिक खेलों से दिया नशामुक्ति का संदेश



बिलासपुर। सीएम दुबे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप गोद ग्राम नेवसा, विकासखंड कोटा में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' 100 सप्ताह अभियान के अंतर्गत ग्राम सेवा एवं पारंपरिक खेल दिवस का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता, ग्रामीण संस्कृति एवं पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन, सामुदायिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को मजबूत करना था। कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल, महाविद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष अमन दुबे, महाराज सिंह, जनपद सदस्य पुष्पेंद्र रवि जगत, संगीता राजकुमार मरावी और प्राचार्य डॉ. संजय सिंह आदि शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष अमन दुबे ने गोद ग्राम में स्कूल के लिए मंच निर्माण, पानी की टंकी तथा बच्चों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सियों की व्यवस्था में सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, कुर्सी दौड़, रुमाल-ढुपट्टा खेल, रस्साकशी और गिल्ली-डंडा प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद सदस्य पुष्पेंद्र रवि जगत ने कहा कि पारंपरिक खेल ग्रामीण संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सरपंच संगीता राजकुमार मरावी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीणों, युवाओं और विद्यार्थियों के बीच सामाजिक एकता एवं सहयोग बढ़ाते हैं। माय भारत के निदेशक नितिन शर्मा का विशेष योगदान रहा। आयोजन में क्षेत्रीय निदेशक अशोक श्रोति, राजकुमार वर्मा, आशीष वासनिक, चंद्रा यादव, डॉ. मनोज सिन्हा, रोहित लहरे, दीपक सेठ, रोशन कुमार, श्वेता मिश्रा, इंदु साहू आदि का सहयोग रहा।

आधुनिक इम्प्लांट से घुटने बदले सिम्स में मरीज को मिली राहत



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के अस्थि रोग विभाग में मोबाइल बेयरिंग इम्प्लांट तकनीक से मरीज के दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण (बाइलेटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट) किया गया। घुटनों के दर्द से राहत दिलाने और मरीज की चलने-फिरने में सहूलियत देने के लिए घुटने बदले गए हैं।

अस्थि रोग विभाग के डॉ. तरुण सिंह व डॉ. रौनक ने कोटा निवासी 66 महिला की सर्जरी कर मोबाइल बेयरिंग टोटल नी रिप्लेसमेंट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस आपरेशन के बाद विशेष पॉलीएथिलीन की गद्दी को सीमित रूप से घूमने या खिसकने की सुविधा मिल रही है, जिससे घुटने की गति आसान हो रही है। प्रत्यारोपण के बाद मरीज को दर्द नियंत्रित करने, घुटने की गति बढ़ाने और मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए चिकित्सकीय निगरानी में पुनर्वास कराया जाएगा। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। उपचार और सर्जरी के बाद पुनर्वास पर ध्यान दिया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों घुटनों का एक साथ प्रत्यारोपण एक जटिल शल्य प्रक्रिया है, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों, एनेस्थीसिया टीम और पुनर्वास सेवाओं की अहम भूमिका रहती है। सर्जरी को सफल बनाने में पीजी रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. आकर्ष गुप्ता, डॉ. राहुल का विशेष योगदान रहा है। वहीं, एनेस्थीसिया विभाग की एचओडी डॉ मधुमिता मूर्ति एवं उनकी टीम सर्जरी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली।

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस में बैठकों का दौर शुरू

बिलासपुर। वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के लिए कांग्रेस ने शैलेष नितिन त्रिवेदी को बिलासपुर का प्रभारी नियुक्त किया है। इसी तैयारी के संबंध में बैठक लेने पहुंचे शैलेष ने बताया कि अभियान के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और अब दूसरे चरण की बैठक 27 अक्टूबर को होगी।

कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता के दौरान शैलेष नितिन त्रिवेदी ने बताया कि इसके बाद ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नवकिशोर पटनायक को बिलासपुर का प्रभारी बनाया गया है और वे 27 अक्टूबर को बिलासपुर पहुंचेंगे। वे यहां शहर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे और दोपहर बाद ग्रामीण कांग्रेस की बैठक लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। नवकिशोर पटनायक का इसके बाद गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और कोरबा जिले का दौरा प्रस्तावित है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि 1 नवंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बड़ी रैली होगी, जिसके लिए आगामी रणनीति की तैयारी चल रही है। इस रैली में देशभर से कांग्रेस और गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि रैली और अभियान की तैयारियों को लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखदेव भगत द्वारा भी सभी जिलों के पर्यवेक्षकों और जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ आनलाइन बैठक निर्धारित की गई है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईसीसी के महासचिव भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। श्री त्रिवेदी ने कहा कि समन्वय और सामाजिक सदभाव की बातें करने वालों के विचारों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण में अंतर दिखाई देता है।

- शैलेष नितिन ने की तैयारियों की समीक्षा

रद्द होने वाली ट्रेनें

- 29 नवम्बर एवं 1 से 16 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- टाटानगर एक्सप्रेस।
- 26 नवम्बर 3 व 12 दिसम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा–पुणे दुरंतो एक्सप्रेस।
- 28 नवम्बर, 5 व 14 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस।
- 28 नवम्बर तथा 5, 8 व 12 दिसम्बर को चर्लपल्ली से चलने वाली 17007 चर्लपल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस।
- 1, 8, 11 एवं 15 दिसम्बर को दरभंगा से चलने वाली 17008 दरभंगा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस।
- 4, 5 तथा 7 से 15 दिसम्बर तक टाटा से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 5, 6 तथा 8 से 16 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
- 5 एवं 12 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
- 7 व 14 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस।
- 7 एवं 14 दिसम्बर को तिरुपति से चलने वाली 17433 तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस।
- 10 एवं 17 दिसम्बर को रक्सौल से चलने वाली 17434 रक्सौल-तिरुपति एक्सप्रेस।
- 5 एवं 12 दिसम्बर को मालदा टाउन से चलने वाली 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस।
- 7 एवं 14 दिसम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस।
- 5 एवं 12 दिसम्बर को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस।
- 8 एवं 15 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस।
- 9 दिसम्बर को रानी कमलापति से चलने वाली 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस।
- 10 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस।
- 7 एवं 11 दिसम्बर को हटिया से चलने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।
- 9 एवं 13 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस।
- 5 एवं 12 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस।
- 8 एवं 15 दिसम्बर को भुज से चलने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस।
- 9 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 20828 सांतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस।
- 10 दिसम्बर को जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस।
- 9 दिसम्बर को गया से चलने वाली 22358 गया-एलटीटी एक्सप्रेस।
- 11 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 22357 एलटीटी-गया एक्सप्रेस।
- 8 एवं 10 दिसम्बर को हटिया से चलने वाली 18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस।
- 9 एवं 11 दिसम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस।
- 9 एवं 10 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस।
- 11 एवं 12 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस।
- 11 दिसम्बर को बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस।
- 12 दिसम्बर को बक्सर से चलने वाली 22844 बक्सर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 11 एवं 12 दिसम्बर को हटिया से चलने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस।
- 13 एवं 14 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस।

श्री श्याम इंटरनेशनल में भव्य आयोजनों की सुविधा

बिलासपुर। व्यापार विहार रोड पर स्थित होटल श्रीश्याम इंटरनेशनल में 350 लोगों की क्षमता वाला बैंक्वेट हॉल, शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट और कॉर्पोरेट सुविधाएं उपलब्ध है।

होटल संचालक नीरज कच्छवाहा के अनुसार होटल श्रीश्याम इंटरनेशनल ठहरने, खानपान और पारिवारिक व व्यावसायिक आयोजनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। रेलवे स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस होटल में लग्जरी कमरे, बैंक्वेट हॉल और शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट की सुविधा है। उन्होंने बताया कि होटल में 350 लोगों तक की क्षमता वाले बैंक्वेट हॉल में शादी-विवाह, जन्मदिन, सालगिरह, किटी पार्टी और अन्य सामाजिक समारोह आयोजित किए जा सकते हैं। यहां छोटे-बड़े आयोजनों की जरूरतों के अनुरूप व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जाता है। होटल में व्यावसायिक बैठकों और कॉन्फ्रेंस के लिए भी हॉल की सुविधा उपलब्ध है। श्री कच्छवाहा ने बताया कि कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए बिल-टू-



बिजनेस प्लस

कंपनी और कॉर्पोरेट डिस्काउंट जैसी सुविधाएं भी दी जाती हैं।होटल के रेस्टोरेंट में शुद्ध शाकाहारी व्यंजन उपलब्ध हैं। इसके साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए टिफिन सेवा भी दी जाती है। प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों को ठहरने, भोजन और आयोजनों के लिए सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।





फौजी का नया पोस्टर जारी
1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा
किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।




फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यही है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। 50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमताज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

सिला का पोस्टर रिलीज
कल्पना से भी परे होगी कहानी



मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी।

पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल उम्र 58 वर्ष पिता श्री रामप्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम-हिर्री, (बिल्हा मोड़), तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत एवं उसके निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि:- मेरे उक्त पक्षकार ने श्री लक्ष्मीनारायण पिता विशालदास उम्र 80 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम-मझगांवपारा मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. के स्वामित्व की भूमि जो ग्राम- डोइकी प.ह.नं. 16 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 123/1 रकबा 0.7290 हेक्टेयर भूमि का बिक्री इकरारनामा दिनांक 20/10/2023 को समक्ष नोटरी 9,21,000/- रूपये में दो गवाहो के समक्ष तय कर निष्पादित की गयी और बतौर बयाना मेरे आसामी से एक लाख रूपये का चेक जो चेक क्रमांक 000014 इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा हिर्री तथा एक लाख रूपये मेरे आसामी से नगद और 50,000/- रूपये दस्तावेज को पेश करने के लिए प्राप्त किया। इस प्रकार भूमि के तय कीमत 9,21,000/- रूपये में से बतौर बयाना दो लाख पचास हजार रूपये प्राप्त किया है। जिस पर क्रेता एवं विक्रेता के पूर्ण सहमति से दिनांक 30/01/2024 को विक्रय पंजीयन निष्पादन कराने हेतु इकरारनामा निष्पादित किया गया था। परन्तु लक्ष्मीनारायण रात्रे के द्वारा विक्रय विलेख निष्पादित करने हेतु राजस्व अभिलेख उपलब्ध नही कराया जिससे क्षुब्ध होकर मेरे आसामी द्वारा दिनांक 08/05/2024 को विधिक सूचना पत्र प्रेषित किया जिसकी संतुष्टिजनक उत्तर प्राप्त नही होने पर मेरे आसामी द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश बिल्हा के समक्ष वाद वास्ते संविदा पालन एवं स्थगन दावा कीमति 9,21,000/- रूपये का मामला प्रस्तुत किया है जो माननीय व्यवहार न्यायाधीश बिल्हा (आकांक्षा सक्सेना) के समक्ष व्यवहार वाद क्रमांक 26/2024 पक्षकार जगदीश अग्रवाल विरूद्ध लक्ष्मीनारायण रात्रे दर्ज होकर दिनांक 03/12/2026 को लंबित है। चूंकि लक्ष्मीनारायण रात्रे की फौत होने के कारण प्रकरण में लक्ष्मीनारायण रात्रे के उत्तराधिकारीयो को पक्षकार बनाये जाने का आदेश माननीय न्यायालय से प्राप्त हुआ है जिस पर कमल रात्रे एवं विजय कुमार रात्रे के फौत की स्थिति में विजय कुमार रात्रे के वारिसानो को पक्षकार बनाया गया है और प्रकरण में कमल रात्रे तथा विजय कुमार रात्रे (शशि रात्रे एवं कौस्तुभ रात्रे) को नोटिस प्रेषित कर उपस्थिति हेतु नियत है माननीय तहसीलदार महोदय बिल्हा के न्यायालय से प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त भूमि का फौती नामांतरण लक्ष्मीनारायण रात्रे के विधिक उत्तराधिकारीयो (कमल रात्रे, कौस्तुभ रात्रे, सुमन, निलम, कुसुम, पुष्पा, सरिता) उक्त भूमि का अपने नाम पर फौती नामांतरण दर्ज करा चूंके हैं और अन्यत्र व्यय विक्रय करने का प्रयास कर रहा है, इस कारण किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य के द्वारा क्रय विक्रय या किसी तरह का संव्यवहार करने से न्यायालयीन कार्यवाही में पक्षकार बन सकते हैं। इसलिये उक्त भूमि का क्रय विक्रय न कर अन्यथा उक्त भूमि का क्रय विक्रय किया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी, इसलिये उक्त भूमि का लेन-देन या क्रय विक्रय न करें। सो सूचना जानें।

भवदीय
पवन कुमार मोहले, अधिवक्ता
छ.ग.उच्च न्यायालय बिलासपुर
मोबा. 7982810526

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन, वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी, तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर
आम सूचना
दिनांक -21/10/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका **CHANCHALA SINHA** पिता-**BRIJDEV SINHA** पता द्वारा आवेदित ग्राम **खमतराई** प.ह.नं. 00025 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी स्थित भूमि खसरा नंबर 795/8 (0.0280) हेक्टेयर का सीमांकन **न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर** के ज्ञा./रा.प्र.क्र. 202610072500025 बिलासपुर के आदेश दिनांक 17/10/2026 के परिपालन में दिनांक 30/10/2026 को 12 PM बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक 30/10/2026 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 12 PM समय तक पटवारी हल्का नंबर **00025 / राजस्व निरीक्षक कोनी** के स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक: कुलदीप शर्मा कोनी

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
- ईश्तहार:-
रा.प्र.क्र./अ-6/2026-27

पक्षकार -रमेश कुमार सिंह पिता स्व. गिरपाल सिंह
.....आवेदक

बनाम

छ.ग.शासन .....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार सिंह पिता स्व. गिरपाल सिंह निवासी ग्राम पोंड़ी तहसील पाली जिला कोरबा छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नं.47 प्लाट नं. 66/1 पर भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में आवेदक एवं उसके परिवार के हरेश्वरी सिंह, सावित्री सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह, रमेश कुमार सिंह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि आवेदक एवं सहखातेदार के नाम पर रा.प्र.क्र.193/अ-6/2017-18 आदेश दिनांक 10.08.2018 के अनुसार भूमि का फौती नामांतरण दर्ज कराकर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किया गया। वर्तमान खसरा मे उक्त भूमि 1. चन्द्रशेखर सिंह पिता गिरपाल सिंह 2. निलकुमार पिता गिरपाल सिंह 3. सुनील कुमार सिंह पिता गिरपाल सिंह 4. राजेश्वर सिंह पिता गिरपाल सिंह 5. रमेश कुमार सिंह पिता गिरपाल सिंह के नाम पर दर्ज है। चन्द्रशेखर सिंह की मृत्यु दिनांक 9.04.2017 को तथा उनकी पत्नी हरेश्वरी तंवर की मृत्यु दिनांक 31.08.2026 को हो चुकी है जो निःसंतान थे। अतः मृतक सहधारकों नाम आवेदित भूमि से विलोपित किया जाकर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.भू.रा.सं. 1959 वास्ते आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 6/11/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 22/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)
नोटिस सूचना
क्रमांक//वा./तह./2026
सीपत, दिनाक 16/10/2026

प्रति, 1. संतोष कुमार पिता स्व. भवानी प्रसाद निवासी ग्राम सीपत 2. श्री करकर मिश्रा पिता स्व. पुष्कर प्रसाद मिश्रा 3. अनिल कुमार मिश्रा पिता स्व. पुष्कर मिश्रा 4. उषा शर्मा पिता स्व. पुष्कर मिश्रा 5. निशा तिवारी पिता स्व. पुष्कर मिश्रा 6.चन्द प्रकाश पिता स्व. रामायण 7. कुंवारा बाई पति स्व. रामायण 8. उमा बाई पति स्व. सीताराम 9. ना.बा. अल्का पिता सीताराम बली माँ उमा बाई 10. जमन्तीन बाई पति स्व. बाल मुकुन्द

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202607073300015/ अ6अ/2025-26 पक्षकार राजेश कुमार अग्रहरी ग्राम-सीपत के अनुसार आवेदक राजेश कुमार अग्रहरी पिता स्व. बनवारी अग्रहरी जाति अग्रहरी निवासी ग्राम मटियारी तह. व जिला बिलासपुर द्वारा मौजा सीपत प.ह.न. 04 महल 04 स्थित भूमि खसरा नं. 136/1 रकबा 0.0850 हे. पर अनुविभागीय अधिकारी रा. मस्तूरी के अपील प्रकरण कमांक 2024070713000013/अ6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 07/05/2026 के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप अनावेदकगण पक्षकार के रुप में संयोजित है। उक्त प्रकरण में सुनवाई दिनांक 06/11/2026 को नियत है।

अतः आप नियत दिनांक 06/11/2026/ को स्वयं अथवा अपने अभिभाष के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते है। उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 16/10/2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
बिलासपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



शरद पूर्णिमा कल: चंद्रमा की रोशनी में खीर रख करेंगे पूजन

शरद पूर्णिमा का पर्व रविवार को मनाया जाएगा, इस पूर्णिमा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी चांदनी अमृत के समान गुणकारी होती है। इसी मान्यता के चलते घरों में खीर बनाकर चांदनी में रखने और चंद्रमा की पूजा करने की परंपरा है। इस दिन मां लक्ष्मी की आराधना भी की जाती है।

बिलासपुर। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा और कौमुदी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शहर के मंदिरों और घरों में खीर का प्रसाद बनाकर छत में रखा जाएगा, शहर में कई समितियों द्वारा भी क्विंटल दूध की खीर का प्रसाद वितरित करेंगे।

हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 55 मिनट से शुरू होकर 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 41 मिनट तक रहेगी। पूर्णिमा की रात 25 अक्टूबर को होने के कारण इसी दिन शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।

शाम करीब पांच बजे चंद्रोदय

पंडित विकास मिश्रा ने बताया कि पंचांग के अनुसार 25 अक्टूबर को शाम करीब पांच बजे चंद्रमा के दर्शन होंगे। चंद्रोदय के बाद श्रद्धालु चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा कर सकेंगे। इसके लिए पूजा स्थल की सफाई कर दीया जलाएं और चंद्रमा को जल अर्पित करें। इसके बाद मंत्र जाप कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करें। स्थानीय समय में भौगोलिक स्थिति के अनुसार अंतर हो सकता है।



खीर की यह मान्यता

शरद पूर्णिमा पर दूध, चावल और चीनी से खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस रात चांदनी में रखी खीर विशेष महत्व रखती है। चंद्रोदय के बाद खीर को साफ बर्तन में रखकर ढक सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागकर उनकी आराधना करने वाले भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। इसी कारण इसे कोजागरी पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन श्रद्धालु घरों में साफ-सफाई कर दीपक जलाते हैं और मां लक्ष्मी को फूल, फल, मिठाई व खीर अर्पित करते हैं। पूजा के साथ जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और अन्य उपयोगी वस्तुओं का दान भी किया जाता है।

शरदोत्सव में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी शाम आज

अग्रवाल समाज द्वारा समाज के सदस्यों द्वारा शनिवार को शरदोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति, संस्कार और सामाजिक एकता की भावना को समर्पित इस आयोजन में समाज के सदस्यों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम श्री अग्रसेन महाराज के पावन आशीर्वाद के साथ आयोजित होगा। शरदोत्सव का आयोजन पुराना हाईकोर्ट के पास स्थित छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7:30 बजे से समाज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से होगी, जो रात 8:30 बजे तक चलेंगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीत आधारित मनोरंजक प्रश्नोत्तरी होगी, जिसमें प्रतिभागियों को संगीत से जुड़े रोचक सवालों के माध्यम से मनोरंजन का अवसर मिलेगा। रात 9 बजे से 12 बजे तक भारती संगीत स्टूडियो की प्रस्तुति होगी। इस दौरान गीत-संगीत और मनोरंजन से भरपूर माहौल में समाज के सदस्य एक साथ समय बिताएंगे। आयोजन में उपहार, पुरस्कार एवं लक्की ड्रॉ भी रखे गए हैं।

शिविर

मुश्किलों से बाहर निकालता है दुआओं का कवच

बिलासपुर। हम जो भी विचार, बोल या कर्म इस सृष्टि में भेजते हैं, वह कई गुना होकर लौटकर आता है। जेल की चारदीवारी के भीतर रहने वालों के लिए वर्तमान परिस्थितियां उनके अतीत के किन्हीं गलत कर्मों का परिणाम हो सकता हैं, लेकिन उनका भविष्य पूरी तरह से उनके वर्तमान के श्रेष्ठ कर्मों पर निर्भर करता है।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा राजयोग भवन की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका संतोषी दीदी ने बिलासपुर केंद्रीय जेल में बंदियों को अध्यात्म के सबसे महत्वपूर्ण नियम 'कर्मों के सिद्धांत' को बेहद सरल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाते हुए कही। उन्होंने दूसरों की बुराई करने को सूक्ष्म पाप बताते हुए इसके कार्मिक प्रभाव को विस्तार से स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि कर्मों की गुप्त गति के अनुसार जब कोई व्यक्ति किसी की बुराई करता है, तो वह वास्तव में उस व्यक्ति के नकारात्मक कर्मों और पापों के बोझ को अपने सिर पर खींच रहा होता है। जिस व्यक्ति की बुराई की जा रही है, उसके पाप कम हो जाते हैं और निंदा करने वाले के खाते में वे पाप जुड़ जाते हैं। इससे भी गंभीर बात यह है कि जो लोग इस निंदा को मूक दर्शक बनकर सुनते हैं, वे भी कर्मों के इस नकारात्मक चक्र से बच नहीं पाते। भ्राता डॉ. केके तिवारी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्संबंध को समझाया एवं बंदियों को जेल परिसर में उपलब्ध संसाधनों के बीच दिनचर्या को व्यवस्थित करने, नियमित योग-प्राणायाम करने और तनाव से मुक्त रहने के व्यावहारिक तरीके बताए।

दुआएं कमाना सबसे बड़ी संपत्ति

दीदी ने कहा कि दुआएं कमाना जीवन की सबसे बड़ी और सच्ची संपत्ति है। जब हम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दूसरों के प्रति शुभ भावना रखते हैं और उन्हें दिल से दुआएं देते हैं, तो रिटर्न में मिलने वाली वे दुआएं जीवन की कठिन से कठिन राह को भी सुगम बना देती हैं। दुआएं एक ऐसी अलौकिक और गुप्त शक्ति है, जो मनुष्य को बड़े से बड़े संकट, मानसिक तनाव और अदृश्य मुश्किलों से बहुत आसानी से बाहर निकाल लाती है।

कार्यक्रम

लोगों को सनातन धर्म, संस्कारों के प्रति किया गया जागरूक



बिलासपुर। बागेश्वर धाम मातृशक्ति सुंदरकांड मंडल बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने शुक्रवार को विद्यानगर क्षेत्र में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, धार्मिक संस्कारों, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

मंडल की मातृशक्ति ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें अपनी सनातन संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही परिवारों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार दें और आने वाली पीढ़ियों तक सनातन धर्म की परंपराओं को पहुंचाएं।

जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों का बहुत ही सकारात्मक एवं उत्साहजनक प्रतिसाद मिला। लोगों ने मंडल की इस पहल की सराहना की और सनातन धर्म, सुंदरकांड तथा धार्मिक संस्कारों के प्रति अपनी रुचि एवं सहयोग की भावना व्यक्त की। क्षेत्रवासियों का यह उत्साह मंडल के लिए प्रेरणादायक रहा। यह अभियान बागेश्वर धाम से अधिकृत कार्यों के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। मंडल का संकल्प है कि सुंदरकांड के माध्यम से प्रत्येक परिवार में भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक चेतना का संचार हो।

"घर-घर सुंदरकांड, हर घर सुंदरकांड"

इसी संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंडल निरंतर प्रयासरत है। मंडल का मानना है कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कारों और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। इसी भावना के साथ विद्या नगर में यह जनजागरण अभियान चलाया गया।

आयोजन

संगम नाट्य समिति का नाट्य मंचन आज, कलाकार देंगे प्रस्तुति



बिलासपुर। संगम नाट्य समिति द्वारा शहर के नवोदित कलाकारों और शौकिया रंगकर्मियों के साथ मिलकर नाटक अंधेर नगरी की प्रस्तुति की व्यापक तैयारी की गई है। इसका मंचन शनिवार 24 अक्टूबर को होगा। इसके प्रारंभिक दौर में कलाकारों ने नाटक से संबंधित कई स्क्रिप्ट का वाचन किया है।

नाटक अंधेर नगरी का चयन कर उसे मंच पर साकार करने की जद्दोजहद के बीच कलाकारों द्वारा प्रयास करना शुरू हुआ। इस दौरान रंगमंच से जुड़ी अनेक गतिविधि जैसे संवाद, भाषा शैली, देह गति, संगीत, नृत्य, अभिनय, सेट निर्माण, प्रोपर्टी और अन्य विधाओं से अवगत कराया जा रहा है। नाटक को हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा शैली में तैयार करने का प्रयास संस्था के निर्देशक शैलेन्द्र मणि कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है। नाटक की रिहर्सल नेहरू चौक स्थित शास. उच्चतर माध्य. विद्या. राजेन्द्र नगर बिलासपुर में प्रतिदिन शाम 6 से 10 बजे तक कराई जा रही है। जिसका मंचन 24 अक्टूबर को होना सुनिश्चित है। यह नाटक कई मायनों में रंगमंच से जुड़े कलाकारों के लिए सार्थक सिद्ध होगी। अभिनय प्रशिक्षण प्राप्त कर अलग-अलग विधाओं में रुचि रखने वाले कलाकार बारीकियों को जान रहे हैं। नाटक की संगीत को लयबद्ध अमर सिंह गंधर्व ने किया है। प्रस्तुति की जिम्मेदारी दिनेश पाण्डेय, डॉ सुनंदा मरावी, रितेश, प्रेमा कौशिक, अतुल चंद्रवंशी, जय, अमित और श्रवण को दी गई है।

प्रॉप टॉक एवं स्टोरी टेलिंग एक्टिविटी में प्रदर्शन

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीपीडब्ल्यू विंग में को प्रॉप टॉक एवं स्टोरी टेलिंग एक्टिविटी का भव्य आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा कौशल, उच्चारण, आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता तथा मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति देने की क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने आकर्षक प्रॉप्स की सहायता से अपनी कहानियों को भाव-भंगिमाओं, स्पष्ट उच्चारण और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, सुंदर मंच सज्जा ने कार्यक्रम की आकर्षकता को और बढ़ा दिया। इस गतिविधि के निर्णायक मंडल में बॉबी मथाई मैम एवं देबोलीना चक्रवर्ती मैम शामिल थीं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए उनके भाषा कौशल, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुति शैली को सराहा।



रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण

नर्सरी कक्षा में निया ग्रोवर, अव्यान अग्रवाल, युग्वीर सिंह, नायरा नागवानी, क्रीदय शर्मा, सान्वि गुप्ता, अथर्व कोहली, श्रीनिका रंजन एलकेजीअव्वी सूर्यवंशी,, विराज मार्दा, कियान दुबे, निरवैर छाबड़ा, अनाबिया फातिमा, अदितृ भट्ट सिंह, विराट जैन, यशिका सुल्तानिया, यूकेजी कियान झा, निया चोपड़ा, रेयान जुनेजा, अद्वित जायसवाल, विहान मिश्रा, जयवर्धन, अवीर जायसवाल, अयांश पटनवार को पुरूस्कृत किया गया। समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह माथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नई एवं पारंपरिक कहानियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही, ये गतिविधियाँ उनकी कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास और विभिन्न रुचियों को विकसित करने में सहायक होती हैं।

दो दिवसीय हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शनी

दो दर्जन से अधिक स्टॉल के जरिए महिला उद्यमिता को बढ़ावा



बिलासपुर। महिलाओं के हुनर को पहचान दिलाने, उनके हाथों से तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लायंस क्लब शक्ति और लायंस क्लब दायित्व ने संयुक्त पहल की है। 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

इस आयोजन की अगुवाई लायन एकता मलिक, लायन डॉ. बरखा रानी सिंह और लायन रोशनी दीक्षित कर रही हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए मंच उपलब्ध कराया गया है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की रचनात्मकता और हस्तकला को प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। घरेलू उपयोग की वस्तुओं और महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण हैं। नगर निगम की महापौर पूजा विधानी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित वस्तुओं और घरेलू उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में लायंस क्लब शक्ति और लायंस क्लब दायित्व की पहल सराहनीय है। ऐसे आयोजन महिलाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचान दिलाने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऑनलाइन खरीदारी के बजाय स्थानीय बाजारों और स्थानीय कारोबारियों को प्राथमिकता दें। स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ेगा और उन्हें अपने व्यवसाय का विस्तार करने के नए अवसर मिलेंगे। लायंस क्लब दायित्व की अध्यक्ष एकता मलिक ने कहा कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्देश्य महिलाओं के हुनर को मंच देना और उनके हाथों से तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है। महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है तो उनके उत्पादों को पहचान और प्रोत्साहन देने की। इस आयोजन के माध्यम से महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, बिक्री और नए ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिल रहा है। हमारा प्रयास है कि महिलाएं अपने हुनर को व्यवसाय में बदलकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें।

आत्मनिर्भर बनने का संकल्प झलकता

लायंस क्लब दायित्व की सचिव डॉ बरखा रानी सिंह ने कहा कि महिलाओं के हाथों से बनी वस्तुओं में उनकी मेहनत, रचनात्मकता और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प झलकता है। प्रदर्शनी के माध्यम से हम ऐसी महिलाओं को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, जो घर से ही अपने हुनर के जरिए रोजगार और व्यवसाय के अवसर तलाश रही हैं। लोगों का सहयोग और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी इन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष रोशनी दीक्षित ने कहा कि लायंस क्लब शक्ति और लायंस क्लब दायित्व का यह संयुक्त आयोजन महिला सशक्तीकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

जलयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ प्रारंभ पं. द्विवेदी ने सुनाई परीक्षित-शुकदेव संवाद की कथा

व्यास ने कहा– श्रीमद्भागवत का श्रवण मनुष्य को जीवन के सत्य से परिचित कराता है



बिलासपुर। ग्राम बोइरपारा में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। शर्मा परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ जलयात्रा के साथ हुआ। स्व. गिरजानंद शर्मा के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर कथा के पहले दिन व्यास पीठ से पं. गोरेलाल द्विवेदी ने संगीतमय भागवत कथा सुनाई। उन्होंने नैमिषारण्य तीर्थ की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि यह उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में स्थित है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, यहां चक्र की नेमि गिरने से इस स्थान का नाम नैमिषारण्य पड़ा। कथा व्यास ने राजा परीक्षित और शुकदेव जी के संवाद के माध्यम से भागवत कथा के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का श्रवण मनुष्य को जीवन के सत्य से परिचित कराता है और उसे आध्यात्मिक शांति की ओर ले जाता है। कथा के दूसरे दिन पं. द्विवेदी ने परीक्षित जन्म, वराह अवतार और हिरण्याक्ष वध के प्रसंग सुनाए। इसके साथ ही कपिल उपाख्यान और सती चरित्र का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक प्रसंगों और भजनों में भावविभोर नजर आए। कथा व्यास का पंडित सुरेंद्र पांडेय व सुनीता पांडेय ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया। आयोजन में मुख्य यजमान सुनील शर्मा और विजेता शर्मा सहित उर्मिला शर्मा, श्यामानंद शर्मा, रामआश्रय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, किशोर शर्मा और पं. अनिल शर्मा,अनुसुइया शर्मा सहित परिवार के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा 29 अक्टूबर तक होगी।

उद्यमिता जागरूकता पर कार्यक्रम होगी प्रतियोगिता

बिलासपुर। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा सीएमडी महाविद्यालय में 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज ' एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में नवाचार एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देना तथा उनके नए विचारों को उचित मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक सुनील कुमार पाण्डेय ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत 10 विभिन्न सेक्टरों से नवीन एवं उपयोगी विचार आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रत्येक सेक्टर से पांच विजेताओं का चयन किया जाएगा। इनमें एक स्थान महिला प्रतिभागियों तथा एक स्थान 21 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आरक्षित रहेगा। इस प्रकार कुल 50 विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के तहत कुल पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इसमें केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि बाहर के इच्छुक प्रतिभागी और नवाचारकर्ता भी हिस्सा ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. संजय दुबे ने विद्यार्थियों को नए एवं विशिष्ट विचार प्रस्तुत करने और समाज तथा उद्योग की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्रबंधक उत्तम कुमार दुबे ने स्वरोजगार संबंधी योजनाओं एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी।

डीएलएस महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता

बास्केटबॉल में जेपी वर्मा कॉलेज विजेता, सीएमडी उपविजेता

स्पोर्ट्स न्यूज

बिलासपुर। डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर की मेजबानी में परिक्षेत्र स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद तिवारी, संचालक, शारीरिक शिक्षा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएलएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने की। प्रतियोगिता में शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय, एलसीआईटी महाविद्यालय , सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय तथा डीएलएस महाविद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में डॉ बसंत अंचल, शासकीय महाविद्यालय मस्तूरी; डॉ सुरेश पवार, शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय; डॉ आलोक शर्मा, डीपी लॉ महाविद्यालय, डॉ मुकेश घोरे, शासकीय महाविद्यालय पचपेड़ी; ओंकार जायसवाल,



एलसीआईटी महाविद्यालय, डॉ देवर्षि चौबे, डॉ. अरविंद सिंह, ज्योति यादव तथा राजेश सिंह, शासकीय महाविद्यालय कोटा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में शोभाराम टाइगर ने अपनी भूमिका निभाई। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को प्रोत्साहित करना था।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शासकीय जे.पी. वर्मा महाविद्यालय एवं सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सी.एम.दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम का सफल संयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी नीतीश शर्मा ने किया तथा मंच संचालन डॉ संजय दुबे ने किया। सभी खिलाड़ियों को महाविद्यालय की चेयरपर्सन निशा वसंत शर्मा ने बधाईयाँ दीं।

इस अवसर पर विनायक बसंत शर्मा, सतीश शर्मा, उमेश जाधव, अशोक जोशी, पी.एस. ढल्ला, डॉ. क्षमा त्रिपाठी, डॉ. सुनीता द्विवेदी, रसिका लोणकर, राजेश सिंह, डॉ. विजय वैष्णव, डॉ. मुक्ता कुमारी, डॉ. हिमानी तिवारी, डॉ. अर्चना पाण्डेय, अंकित गन्धर्व, डॉ अर्चना तिवारी, डॉ सुष्मिता मिश्रा, डॉ प्रीति मिश्रा, नाजनीन खान, शुभम पाण्डेय, राकेश शर्मा एवं महेश कुमार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस का आज बिल्हा आगमन

बिल्हा। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का 24 अक्टूबर को बिल्हा आएंगे। वे मंडी प्रांगण में दोपहर 1बजे किसानों एवं आम जनों को सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गांगोत्री, बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने दी।



जीपीएम जिले में लिटिल चैंप-2 का ऑडिशन कल

पेंड्रा। जिले के प्रतिभावान बच्चों को अपनी कला और हुनर दिखाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कर्मचारी प्रतिभा मंच जीपीएम द्वारा 'लिटिल चैंप-2' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का ऑडिशन 25 अक्टूबर को गुरु मंत्र पब्लिक स्कूल, अमरपुर में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इसमें 6 से 16 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से गायन और एकल नृत्य में रुचि रखने वाले बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी कर्मचारी प्रतिभा मंच के प्रमुख सदस्य पीयूष कुमार गुप्ता ने दी।

जुनवानी में संगीतमय रामायण का आयोजन

तखतपुर। ग्राम जुनवानी में संगीतमय रामायण का आयोजन किया गया जिसमें 9 मानस टोलियां शामिल हुई। उन्होंने भगवान श्रीराम के गुणों का गायन किया। इस अवसर पर पिल्लूराम साहू, नवीन साहू, जलेश्वर, तुलसीराम, तोप सिंह, प्रेम लाल, दिलीप, सुशील, अनिल, विष्णु, राजकुमार, सुरेश, टेकराम, घनश्याम, राजेंद्र, संतोष, रामविजय शामिल हुए।

सचिव संघ ने किया जनपद सीईओ का स्वागत



तखतपुर। नवनियुक्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत कौशिक का सचिव संघ द्वारा स्वागत किया गया। जिला सचिव अभ्युदय तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि जनपद पंचायत प्रशासन एवं पंचायत सचिवों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और सकारात्मक संवाद के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा ग्रामीण विकास को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएंगे। इस मुलाकात के दौरान नवनियुक्त सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए पंचायत सचिव संघ की ओर से पूर्ण सहयोग एवं समन्वय का विश्वास व्यक्त किया गया।इस अवसर पर सालिक सिंगौरे हर प्रसाद भास्कर रामलाल सिंगरौल कृष्ण कुमार कौशिक मुकेश कौशिक प्रेमदास मानिकपुरी त्रिभुवन मेहर मुकेश वर्मा अनु साहू सुलक्षणा दिवाकर उपस्थित रहे।

श्री शनिदेव धाम सेवा समिति के अध्यक्ष बने तरूण



सकरी। खजुरी नवागांव शनिदेव धाम प्रांगण में युवाओं की बैठक संस्थापक संरक्षक रामचरन वस्त्रकार की उपस्थिति में हुई। बैठक में एक समिति का गठन किया गया जिसमें संयोजक मनोज तिवारी, राजेन्द्र कैवर्ट, रूंगनलाल वस्त्रकार, संजय राजपूत, सतानंद यादव, अध्यक्ष तरूण पांड़े, कोषाध्यक्ष रामदयाल यादव, सचिव कमलेश यादव, उपाध्यक्ष सुनील कैवर्त, उप कोषाध्यक्ष दीपक वस्त्रकार, सह सचिव संदीप कैवर्त, मीडिया प्रभारी आदित्य तिवारी, कार्यसमिति में जागेश्वर कैवर्त, बलराम वस्त्रकार, धनसाय कैवर्ट, अमर यादव, श्रवण वासुदेव, नवीन पांड़े, अविनाश कैवर्त, संदीप यादव, प्रदीप कैवर्त, ओम प्रकाश कैवर्त, नागेश्वर कैवर्त, रामसाय कैवर्त शामिल हैं।

विजयादशमी पर सत्य की जीत का दिया संदेश



मस्तूरी। नवयुवक दुर्गोत्सव एवं दशहरा समिति दुर्गा चौक में लगातार 51 वे वर्ष पर विजयादशमी का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, जो समाज को सदैव सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। हमें अपने जीवन से अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और बुराइयों का अंत कर सत्य एवं सदाचार को अपनाना चाहिए। विधायक दिलीप लहरिया ने सदस्यों की मांग पर विधायक दिलीप लहरिया ने समिति के लिए संस्कृतिक भवन हेतु 10 लाख देने की घोषणा किया। इस मौके पर भोलाराम साहू, लखन टंडन, देवेंद्र कृष्णन, ठा विनोद सिंह, केके निर्णेजक, टिंकू सिंह, चमरू सारथी, बसंत गुप्ता, अंकित मिश्रा रजभान जायसी, पवन श्रीवास नारायण राठौर , रेवाराम यादव, रमेश सुमन ,रानू टंडन भीष्म तिवारी, सुधीर देशमुख, रमेश प्रजापति, मणि शंकर श्रीवास प्रभात अवस्थी सत्यनारायण श्रीवास, मनीराम कुर्रे, जवाहर कुर्रे, राहुल यादव, नोहर सूर्यवंशी, लक्ष्मण गुप्ता, के साथ समिति के सभी सदस्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने की शिकायत की तैयारी

भारी वाहनों के कारण पेंड्री पंचायत से गुजरने वाली सड़क की हालत जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

ग्राम पेंड्री से गुजरने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क के मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। मरम्मत कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह काम किया गया, तो सड़क की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाएगा। इसे लेकर ग्रामीण शिकायत करने की तैयारी में हैं।

जानकारी के अनुसार पहले भी इस सड़क पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। अब दोबारा मरम्मत कार्य शुरू होने के बाद भी यदि गुणवत्तापूर्ण काम नहीं किया गया, तो सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद लोगों को खराब सड़क से राहत नहीं मिलेगी। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर कोयले से भरे भारी वाहनों का आवागमन अब तक बंद नहीं हुआ है। ऐसे में सड़क की मरम्मत के साथ-साथ भारी वाहनों के आवागमन और उससे सड़क पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि सड़क की क्षमता और गुणवत्ता को ध्यान में रखकर आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो मरम्मत के बाद भी सड़क जल्द खराब हो सकती है।

गुणवत्ता की जांच की मांग

ग्रामीण अब मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत में निर्धारित मानकों का पालन होना चाहिए, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग हो और लोगों को लंबे समय तक बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

बेलगहना में कल मनाया जाएगा शरद उत्सव



बेलगहना। सिद्ध तपो भूमि श्री सिद्ध बाबा आश्रम तथा बस्ती स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा का पर्व शरदोत्सव धूमधाम श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सिद्ध बाबा आश्रम में परंपरा अनुसार शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति की जाएगी जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे तथा रात्रि 12 बजे के बाद खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसी प्रकार मुख्य बस्ती स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शरदोत्सव का पर्व मनाया जाएगा जिसमें रात्रि 12 बजे के बाद दमा रोगियों को दवा मिश्रित खीर दिया जाएगा। जिसके लिए आयोजन समिति ने 20 का शुल्क निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि शरद पूर्णिमा के पर यहां रात्रि कालीन मेला भरता है तथा हजारों लोगों का आगमन होता है।

पापांकुशा एकादशी पर विशेष पूजा



सकरी। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पापांकुशा एकादशी पर गुरुवार को हॉफा के सिद्ध बघर्रा पाठ नृसिंह भगवान मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस धार्मिक उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर पर मानस परिवार के सहयोग से विशेष पूजा-अर्चना एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य धनेश उपाध्याय के सानिध्य में भगवान नृसिंह और माता लक्ष्मी की मूर्ति का गंगाजल, दूध और पंचामृत से अभिषेक किया गया। मध्याह्न काल में मंत्रोच्चार के बीच रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। मानस मंडली के गायकों द्वारा ढोलक और मंजीरों की थाप पर गाई जा रही रामायण की चौपाइयों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देर शाम भगवान नृसिंह की महाआरती हुई। भंडारे में भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस परिवार के भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

गौधाम की जमीन पर कब्जा, जैतपुर में जेसीबी से खुदाई का आरोप

मस्तूरी। विकासखंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत जैतपुर में संचालित श्रीधाम गौधाम की शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गौधाम के लिए आवंटित लगभग 28 एकड़ शासकीय भूमि में से करीब 15 एकड़ जमीन पर अब तक घेराबंदी नहीं हो पाई है। इसी का फायदा उठाकर गांव के कुछ लोगों द्वारा जमीन के हिस्सों पर कब्जा किए जाने और अन्य हिस्सों पर कब्जे की कोशिश किए जाने की बात कही जा रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप करने और शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

ग्राम जैतपुर में फुलबारी शिक्षण एवं समाजसेवा समिति खमतराई द्वारा संचालित श्रीधाम गौधाम आसपास के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां गांव और आसपास के क्षेत्रों में घूमने वाले सैकड़ों मवेशियों को रखने के साथ उनके चारे और पानी की व्यवस्था की जाती है। इससे आवारा मवेशियों के कारण खेतों में खड़ी फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने में भी मदद



मिलती है। गौधाम के लिए प्रशासन और पंचायत के सहयोग से लगभग 28 एकड़ शासकीय भूमि आवंटित की गई है, ताकि मवेशियों के रहने और उनके रखरखाव के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके। गौधाम के लिए आवंटित कुल 28 एकड़ भूमि में से अब तक लगभग 13 एकड़ जमीन पर ही घेराबंदी हो सकी है। शेष करीब 15 एकड़ भूमि खुली पड़ी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी खुली जमीन के कुछ हिस्सों पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जबकि अन्य हिस्सों पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। यदि समय रहते जमीन की सुरक्षा और घेराबंदी की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में गौधाम की उपलब्ध भूमि और कम हो सकती है।

सीमांकन और अतिक्रमण हटाने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि गौधाम की जमीन केवल एक संस्था की संपत्ति का मामला नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के मवेशियों के संरक्षण और किसानों की फसलों की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। यदि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण बढ़ता रहा, तो गौधाम में मवेशियों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचेगी। इससे पशुओं के चारे, पानी और देखभाल की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कराने, आवंटित भूमि का सीमांकन करने, कथित अतिक्रमण की पहचान करने और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शासकीय जमीन को कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही, शेष भूमि पर जल्द घेराबंदी कराने की भी अपील की गई है।

डीईओ के निरीक्षण के दौरान गप्पे मारते मिले शिक्षक

लोरमी। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड के विभिन्न शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के दौरान शिक्षक स्टाफ रूम में गप्पे मारते मिले, इस पर डीईओ ने सख्त तेवर दिखाते हुए दोषी शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

■ एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

जानकारी के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. एमएल पटेल ने विकासखंड के विभिन्न शासकीय स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान मोहबंधा संकुल के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भरतपुर पहुंचे, तो वहां का नजारा हैरान करने वाला था। शिक्षक अपनी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाने के बजाय स्टाफ रूम में बैठे हुए पाए गए। शिक्षकों की इस घोर लापरवाही और



स्कूल में फैली अव्यवस्था को देखकर डीईओ डॉ. पटेल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले इन सभी संबंधित शिक्षकों का तत्काल एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया। निरीक्षण के दौरान डीईओ तब और चौंक गए जब वे सारधा प्राथमिक शाला पहुंचे। इस स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या शून्य पाई गई। स्कूल में एक भी छात्र न होने पर डीईओ ने इसे बेहद गंभीरता से लिया और तत्काल संज्ञान लेते हुए वहां पदस्थ शिक्षकों को दूसरी जगहों पर व्यवस्थित (अटैच) करने के निर्देश दिए। श्री पटेल ने कहा कि विद्यालयों में नियमित अध्यापन, शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण और सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

आंगनबाड़ी भवन की निर्माण की जगह पर तार से घेराबंदी, शिकायत

तखतपुर। ग्राम पंचायत ढनढन में प्रस्तावित आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य को लेकर विवाद सामने आया है। शासकीय भूमि पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए स्थल निर्धारित कर लेआउट किए जाने के बाद रातोंरात खंभे गाड़कर तार से



घेराबंदी ग्राम के निवासी सुरेंद्र पिता सुखीराम साहू, रामावतार साहू पिता सुखीराम तथा हरिभजन कैवर्त पिता पतीराम द्वारा प्रस्तावित निर्माण स्थल पर कांटेदार तार और खंभों से घेराबंदी कर कब्जा कर लिया है। पंचायत का कहना है कि लेआउट होने के बाद रातोंरात खंभे गाड़ दिए गए, जिससे आंगनबाड़ी भवन निर्माण में बाधा उत्पन्न हो गई है। सरपंच सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण स्थल पर अवैध घेराबंदी कर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में एसडीएम एवं तखतपुर थाने में आवेदन दिया जा चुका है। आज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण कर संबंधित पक्ष को समझाइश दी, लेकिन राजस्व का मामला बताकर कार्रवाई नहीं की। इसकी जानकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई में देरी के कारण ग्रामवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यह आक्रोश आगे क्या रूप लेगा, कहा नहीं जा सकता।

म्यूल एकाउंट मामले में आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

मुंगेली। साइबर अपराध के जरिए ठगी गई करोड़ों रुपए की रकम को बैंक खातों के माध्यम से प्राप्त करने और उसके लेन–देन में खातों का इस्तेमाल करने के मामले में मुंगेली न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सिटी कोतवाली अंतर्गत दर्ज प्रकरण में आरोपी संजीव खांडे को दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। सत्र न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी ने 22 अक्टूबर को यह निर्णय सुनाया। प्रकरण के अनुसार आरोपी संजीव खांडे, उम्र 38 वर्ष, पिता धनोरम, निवासी ग्राम बोदा, थाना फास्टरपुर पर अपने नाम से तथा अपने परिचितों के नाम से बैंक खाते खुलवाकर उनका उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में कराने का आरोप था। इन बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी से प्राप्त लगभग 4 करोड़ 53 लाख 89 हजार 567 रुपये की राशि का लेन–देन किए जाने की बात सामने आई थी। प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपी संजीव खांडे को धारा 317(2) बीएनएस के तहत दोषी ठहराया और तीन वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इसी प्रकरण के अन्य अभियुक्तों को न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है।



नाबालिग की हत्या, परिजन ने की आर्थिक सहायता व आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

मुंगेली। ग्राम नेवासपुर में 17 वर्षीय नाबालिग बालिका की संदेहास्पद हत्या के संबंध में निष्पक्ष जांच, आरोपी की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व सुरक्षा प्रदान करने को लेकर ग्रामीणों के साथ परिजन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने जान से मारने की धमकी देने



वाले आरोपी पर जुर्म दर्ज करने निवेदन किया है। ज्ञापन में नेवासपुर निवासी पीड़िता के दादा ने बताया कि उसकी नातिन (उम्र 17 वर्ष) अपने छोटे भाई के साथ गांव के घर में रहती थी, जबकि उसके माता-पिता आजीविका के लिए हैदराबाद गए हुए थे। 19 और 20 अक्टूबर की दरमियानी रात आरोपी अजित घृतलहरे और साहिल खाण्डे ने घर में घुसकर उसकी नातिन की गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका के गले पर चोट व खरोंच के निशान तथा हाथ-पैर पर धब्बे पाए गए हैं। घटना के संबंध में सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से गुहार लगाया है कि पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब और अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध रखता है। घर के मुख्य कमाने वाले सदस्य (माता-पिता) बाहर हैं और इस घटना के बाद से पूरा परिवार गहरे सदमे और भय के माहौल में जी रहा है। गांव में असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

छह बाल वैज्ञानिक राज्य स्तर के लिए चयनित

जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में 113 शोध प्रोजेक्ट प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं भारत सरकार की राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 32वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन हुआ। इस वर्ष कांग्रेस का मुख्य विषय 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं नवाचार' रखा गया था। प्रतियोगिता में जिले के 148 विद्यालयों का पंजीयन हुआ, जबकि 113 शोध प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। इनमें से चयनित छह बाल वैज्ञानिक अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी के निर्देशन तथा प्राचार्य एवं कार्यक्रम समन्वयक बनमाली प्रसाद वासुदेव के समन्वय में संपन्न हुआ। डाइट पेंड्रा के प्राचार्य नरेंद्र कुमार तिवारी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विद्यार्थियों ने विज्ञान, नवाचार और सतत विकास से जुड़े विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 148 विद्यालयों के पंजीयन के मुकाबले 113 शोध फाइलें जमा हुईं। मूल्यांकन के बाद जूनियर वर्ग के 62 और सीनियर वर्ग के 51 प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। प्रतियोगिता में बालिकाओं की 65 प्रतिशत सहभागिता रही, जो



विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में उनकी बढ़ती रुचि और भागीदारी को दर्शाती है। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ उनके मार्गदर्शक शिक्षक भी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में हरिशंकर शर्मा, अभिषेक शर्मा, विकास वर्मा, राहुल कोरी एवं सूरज सिंह बिसेंन का विशेष योगदान रहा। राज्य स्तर के लिए चयनित बाल वैज्ञानिकों से जिले को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

छह बाल वैज्ञानिक राज्य स्तर के लिए चयनित

निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों के शोध, प्रस्तुतीकरण एवं मूल्यांकन के आधार पर जूनियर और सीनियर वर्ग से तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। जूनियर वर्ग में शासकीय माध्यमिक शाला बसंतपुर, पेंड्रा के विपिन, शासकीय माध्यमिक शाला सोनबचरवार, पेंड्रा की वंदिता तथा शासकीय मिडिल स्कूल रटियाडांड, मरवाही की राजकंवर का चयन हुआ है। वहीं, सीनियर वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकारी पारा की प्रतीक्षा कुशवाहा, शासकीय गुरुकुल विद्यालय पेंड्रा रोड के मिथिलेश कंवर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवसा, गौरेला के चंद्रशेखर ने राज्य स्तर के लिए जगह बनाई है।

नांदघाट-मुंगेली मार्ग के फोरलेन के लिए 13,834 लाख स्वीकृत

मुंगेली। जिले में सड़क अधोसंरचना को मजबूत बनाने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में नांदघाट–मुंगेली मार्ग (राज्य राजमार्ग–10) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए उपमुख्यंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार 13,834 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 36.40 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के उन्नयन से क्षेत्र में सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पूर्व में नांदघाट–मुंगेली मार्ग अत्यधिक जर्जर अवस्था में था, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

सड़क की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा इसके चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान में निर्माण



कार्य के अंतर्गत नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण का कार्य प्रगति पर है। नांदघाट–मुंगेली मार्ग के फोरलेन निर्माण से सड़क की क्षमता बढ़ाने, यातायात को अधिक व्यवस्थित बनाने और यात्रियों के आवागमन को सुगम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। चौड़ी एवं मजबूत सड़क से क्षेत्र के नागरिकों, वाहन चालकों और नियमित यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। सड़क के साथ नाली एवं पुलिया निर्माण से जल निकासी और सड़क संरचना को बेहतर बनाने में भी सहायता मिलेगी।

ACHARYA INSTITUTE
A PROMISE BEYOND EXCELLENCE
NEET I IIT-JEE I FOUNDATION I CUET
RESULTS... ही है, हमारी पहचान
आरंभ
New Admission Open Through Scholarship Test 2026-27
A-AST 2026-27
SCHOLARSHIP TEST
25th OCTOBER 2026
FOR CLASS
5th 6th 7th 8th
CBSE BOARD (ENGLISH MEDIUM)
FOR CLASS
9th 10th 11th 12th
BIOLOGY/MATHEMATICS
SEPARATE EXAMS FOR CG & CBSE BOARD
(HINDI & ENGLISH MEDIUM)
UPTO 100% SCHOLARSHIP
Certificate of Excellence
TO CHECK YOUR POTENTIAL FOR NEET/IIT EXAMS & NTSE/OLYMPIAD.
UPTO RS. 1CR OF SCHOLARSHIP
100% FREE में कोचिंग*
हर कक्षा के टॉप 3 रैंक में आने वाले छात्रों को NEET & JEE में कोचिंग फ्री* (T&C APPLY)
SCAN NOW FOR REGISTRATION
OUR TOPPERS - NEET (UG) 2026
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GMC RAJNANDGAON
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GMC RAJNANDGAON
TAASHU TAANK 564/720 CIMS BILASPUR
SHUVAM SUBASISH 590/720 JNM RAIPUR
BHAVYA MISHRA 606/720 GMC NAGPUR
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 AIIMS DEOGHAR
AKSHAT TIWARI 592/720 NSCB ME. COLLEGE JABALPUR
UTKARSH VAISHNAV 576/720 JNM RAIPUR
& MANY MORE RESULTS...
OUR TOPPERS - JEE MAIN & ADVANCED 2026
ALIYA SHEIKH ASLAM JEE MAIN 98.94%ile IIT GANDHINAGAR
PRAKASH AGRAWAL JEE MAIN 97.74%ile IIIT RAIPUR
DHAIRYA OJHA JEE MAIN 97.88%ile NIT RAIPUR
AIR 1518 JEE ADVANCE
UTKARSH AWASTHI JEE MAIN 99.20%ile NIT JAMSHEDPUR
PRASANN AGRAWAL JEE MAIN 99.60%ile NIT SURATHKAL
ADYA GUPTA 99.76%ile IIT ROORKEE
NAITIK CHANDWANI JEE MAIN 99.21%ile IIIT JABALPUR
HARSHIT KUMAR SINGH JEE MAIN 99.21%ile IIT PATNA
& MANY MORE RESULTS...
TOPPERS NEET - 2024
1 First Rank in Chhattisgarh
SHRISHTI GUPTA 710/720 SELECTED IN AIIMS BHOPAL
GUNJAN MISHRA 705/720 SELECTED IN AIIMS HYDERABAD
TOPPERS NEET - 2025
JAHNVI JAIN 564/720 SELECTED IN JNM RAIPUR
AADYA KAUSHIK 561/720 SELECTED IN JNM RAIPUR
& MANY MORE RESULTS...
OUR TOPPERS - JEE MAIN & ADVANCED 2021 - 2025
TANISHA AGRAWAL JEE ADVENCE AIR 5060 JEE MAIN 249/300 SELECTED IN IIT DELHI
DIVYANSH AGRAWAL JEE MAINS 99.83%ile JEE ADVANCE AIR 1365 JEE MAINS AIR 2008 SELECTED IN IIT BOMBAY
AASHIKA KHUTEY AIR ADVANCE 941 SELECTED IN IIT KHARAGPUR
KARISHMA SINGH AIR ADVANCE 776 SELECTED IN IIT KANPUR
AKUL SONI AIR 472 99.84%ile SELECTED IN IIT GUWAHATI
SATYANSHU 99.78%ile SELECTED IN NIT NAGPUR
& MANY MORE .....
ON-THE-SPOT REGISTRATION IS ALSO AVAILABLE AT THE EXAM CENTERS
For Contact Details : 62626-73703
EXAM CENTERS ACHARYA INSTITUTE RAJENDRA NAGAR | CMD | SARKANDA
ADMISSION OPEN 2027-28
OUR BRANCHES
RAJENDRA NAGAR 62626-73703
CMD CHOWK 74704-62225
SARKANDA 91094-92226
MUNGELI 74704-61083
FARRUKHABAD 92782-49546
Offline का भरोसा अब Online में भी
RESULT MANTRA POWERED BY ACHARYA INSTITUTE
JEE | NEET | FOUNDATION
Scan For Channel & Subscribe

खबर संक्षेप

बिजली विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

बिलासपुर। ग्रामीण सर्किल अंतर्गत मस्तुरी क्षेत्र में बिजली विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर बिजली की चोरी पकड़ी है। इस दौरान मीटर बायपास, गैर घरेलु कनेक्शन, औद्योगिक कनेक्शन पर विजिलेंस और इंटरनल जांच दल ने कार्रवाई की है। विजिलेंस के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों ने मस्तुरी क्षेत्र के 89 कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान विभाग को 27 जगहों पर बिजली चोरी मिली 25 घरों में डायरेक्ट चोरी और 2 घरों में व्यवसायिक उपयोग करते हुए बिजली चोरी पकड़ी गई। उड़नदस्ता टीम ने बिलासपुर, जांजगीर, बलौदा बाजार, रायगढ़ जैसे जिलों में एक साथ कार्रवाई को अंजाम दिया है। मस्तुरी, पचपेड़ी, जयरामनगर, चिल्हाटी क्षेत्र में चोरी पकड़ी है। इसी प्रकार मुंगेली में 77 कनेक्शन की जांच की गई, जहां 7 जगहों पर डायरेक्ट बिजली उपयोग करते पकड़ा गया है। वहीं 10 जगहों पर घरेलु कनेक्शन को व्यवसायिक तरीके से उपयोग करने का प्रकरण बनाया गया है।

118 किमी रेल लाइन का उद्घाटन होगा आज

बिलासपुर। सतना से देवेन्द्रनगर के बीच 53 किलोमीटर और रींवा से चुरहट तक 65 किलोमीटर सहित 118 किलोमीटर रेल लाइन का उद्घाटन 24 अक्टूबर को होगा। जोन मुख्यालय के अनुसार आजादी के बाद पहली बार सीधी जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ना विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे यात्री परिवहन एवं माल ढुलाई को गति मिलने के साथ औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार व रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। वित्त वर्ष 2026-27 में रेल विकास के लिए 15188 करोड़ का रिकार्ड बजट आबंटित किया गया है। 118379 करोड़ की रेल परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

झारसुगुड़ा तक नहीं चलेगी जेडी पैसेंजर 26 नवम्बर से

बिलासपुर। 26 नवम्बर से गोंदिया से झारसुगुड़ा तक चलने वाली ट्रेन बिलासपुर में समाप्त करने के बाद झारसुगुड़ा स्टेशन तक नहीं चलेगी। जानकारी के अनुसार झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में 27 नवम्बर से 14 दिसम्बर तक 18 दिन का प्री नान इंटरलाकिंग कार्य, 15 दिसम्बर को 10 घंटे का नॉन इंटरलाकिंग कार्य, 16 व 17 दिसम्बर को दो दिन का पोस्ट नॉन इंटरलाकिंग कार्य निर्धारित है। इस कार्य के दौरान 68861/68862 को निरस्त करने के बजाय आंशिक रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

कोनी नर्सरी से खरीदकर लाए गए पौधे मिशन अस्पताल परिसर में डंप पड़े हैं

कागजों में छा रही हरियाली, सैकड़ों पौधे लगाए ही नहीं गए, डंप होकर सूख रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किए गए पौधरोपण की कई तस्वीरें चिंतित करने वाली और सवाल खड़ी करने वालीं हैं कि क्या कागजों में हरियाली छाएगी। अभियान के तहत 5 हजार के करीब पौधे कोनी स्थित सरकारी नर्सरी से मंगाए गए थे। इसमें करीब 15 लाख रुपए खर्च भी किए गए लेकिन सैकड़ों पौधे अभी भी मिशन अस्पताल परिसर में डंप पड़े हैं और इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। अब तो बरसात भी गुजर गई तो जाहिर सी बात है कि यह पौधे अब नहीं लगाए जाएंगे और इसी तरह सूख जाएंगे।हर साल बारिश पूर्व पौधरोपण के लिए बड़े बड़े दावे किए जाते हैं और अभियान चलाया जाता है। लाखों रुपए खर्च करके पर्यावरण जागरूकता के नाम पर प्रचार- प्रसार और आयोजन किए जाते हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जिले भर के नर्सरियों से निगम के अमले और वाहनों के जरिये पौधे परिवहन कर मंगाए गए ताकि इन्हें वसुंधरा में रोप कर धरती को हरा भरा बनाया जा सके। मिशن अस्पताल परिसर में लेकिन सैकड़ों की संख्या में डंप पौधे सच्चाई को जाहिर कर रहे हैं। यह पौधे बता रहें कि पौधरोपण के नाम पर कागजों में पेड़ लगाया जा रहा है और आंकड़ें भी पूरे कागजी ही हैं।

■ अब बरसात भी गुजर गई, इसलिए पौधे लगाने पर सूख जाएंगे



तीन साल पहले भी खर्च हुए थे 20 लाख

इससे पहले भी निगम ने शहर की सड़कों, उद्यानों, गली-मोहल्लों में तीन साल पहले साढ़े 6 हजार से अधिक पौधे लगाए थे हरियाली लाने के लिए 20 लाख रुपए से अधिक खर्च किए गए, लेकिन शहर में ही धूल के गुबार हैं और हरियाली कहीं नहीं दिखाई दे रही है। सड़कों के बीच डिवाइडर में महंगे पाम ट्री लगवाए गए थे, जिसमें से आधे सूख चुके हैं। डिवाइडरों में जितने पौधे लगाए गए थे। उनमें से चंपा व अन्य प्रजातियों के पौधे ही नजर आ रहे हैं। पाम या तो गायब हो गए हैं या सूख चुके हैं। रविंद्रनाथ टैगोर चौक से पुराना बस स्टैंड के बीच पाम ट्री के सौ से ज्यादा पौधे लगाए गए थे। इसमें से आधे से ज्यादा पौधे सूख गए। जो बच गए हैं उनकी देखभाल भी सही तरीके से नहीं हो रही है।

दावे के विपरीत हकीकत अलग

गौरतलब है कि एक पाम ट्री की कीमत 800 रुपए थी। नगर निगम ने इसके 300 पौधे मंगवाए थे। इन्हें नेहरू चौक से कलेक्टोरेट, मुख्य डाकघर और रायपुर रोड में जेपी वर्मा कॉलेज जरहाभाठा तक डिवाइडर में लगवाए गए थे। जरहाभाठा मंदिर चौक से लेकर राजीव गांधी चौक तक भी सड़क पर लगे पाम ट्री सूख गए हैं। न तो इन्हें बदला गया है और न ही उनके स्थान पर कोई दूसरा पौधा लगाया गया है। इधर उद्यान विभाग का दावा है कि रोड डिवाइडरों पर नियमित रूप से पानी डाला जाता है। इसके बावजूद अधिकांश पौधे सूख रहे हैं।

जानकारी ली जाएगी

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। इसे लंबे समय तक प्रभावी बनाए रखने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है। यदि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाती है, तो यह पहल शहर में हरियाली बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मिशन अस्पताल परिसर में रखे गए पौधे कहां के और इन्हें क्यों नहीं लगाया गया, इसकी जानकारी ली जाएगी।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

काम में लापरवाही, इंजीनियर और ठेकेदार को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम कमिश्नर और स्मार्ट सिटी के एमडी प्रकाश कुमार सर्वे ने शुक्रवार को नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जारी निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

उसलापुर के हाफा रोड स्थित चौराहे पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जानी है। लगभग 50 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित प्रतिमा स्थापना एवं स्थल विकास कार्य का निरीक्षण करते हुए निगम कमिश्नर ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और सब इंजीनियर हितेश मक्कड़ तथा ठेकेदार जितेंद्र सोनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर ने मधुबन में बनाए जा रहे एजुकेशन सिटी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन नालंदा परिसर और एकेडमिक ब्लॉक का जायजा लेते हुए उन्होंने समय पर काम पूरा करने कहा। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने सकरी स्थित पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन एएचपी आवास का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मंगला स्थित निर्माणाधीन 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर सड़क के कार्य को जल्द प्रारंभ करने कहा। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर कोनी स्थित कन्वेंशन सेंटर भी पहुंचे, जहां कार्य अपने अंतिम चरण में है। कन्वेंशन सेंटर में फिनिशिंग समेत अन्य शेष कार्यों को 20 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश अधिकारियों और ठेकेदार को दिए गए है।

■ निगम और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जारी निर्माणाधीन विकास कार्यों का कमिश्नर ने निरीक्षण किया

साढ़े 11 करोड़ में बन रहा कोनी बस डिपो

ई बस सेवानिगम कमिश्नर ने पीएम ई बस सेवा के तहत बनाए जा रहे बस टर्मिनल और चार्जिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। ध्यान रहे कि पीएम ई-बस सेवा के तहत बिलासपुर के लिए कुल 50 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। इनमें 9 मीटर की 35 और 7 मीटर की 15 बसें शामिल हैं। ई-बसों के संचालन के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में टर्मिनल कॉम्प्लेक्स, सब-स्टेशन एवं चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए 11 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें सिविल अधोसंरचना निर्माण के लिए 8 करोड़ 37 लाख रुपये, सब-स्टेशन के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपये तथा उच्चदाब विद्युत कनेक्शन के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपये का प्रावधान है। वर्तमान में सिविल अधोसंरचना निर्माण का लगभग 80 प्रतिशत और सब-स्टेशन निर्माण का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उच्चदाब विद्युत कनेक्शन के लिए आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण सीएसपीडीसीएल द्वारा किया जाएगा

दो पक्षों में मारपीट, बुजुर्ग पर ईंट से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मामूली बात में दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों ने सिरगिट्टी थाने में घटना की शिकायत की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



दरअसल भंगड़ापारा, बन्नाकडीह सिरगिट्टी निवासी दसवीं कक्षा का छात्र साहिल मिरी अपने चचेरे भाई कृष्णा मिरी के साथ उसके बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने हरदीकला टोना गया था। इसी दौरान दोनों शराब भट्ठी के पास गए, जहां एक व्यक्ति ने उनके वहां आने पर आपत्ति जताते हुए कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। छात्र का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। बाद में कुछ अन्य लोग भी वहां पहुंचे और कथित तौर पर हाथ-मुक्कों तथा हाथ में पहने चूड़े से उसके सिर के पिछले हिस्से पर हमला किया। बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी बुआ संतोषी मिरी और दादी मुन्नीबाई मिरी के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में गणेशराम यादव, दीपक यादव, राम कौशिक और अन्य लोगों के नाम बताए गए हैं।

वहीं, दूसरे पक्ष की शिकायत के अनुसार, हरदीकला टोना निवासी डेयरी कारोबारी गणेशराम यादव 50 वर्ष दूध बेचकर घर लौट रहे थे । इसी दौरान शराब भट्ठी के पास दो युवकों को बातचीत करते देखकर उन्होंने उन्हें वहां रुकने का कारण पूछते हुए समझाने की बात कही।

आरोप है कि इस पर साहिल मिरी नामक युवक ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पास में पड़े ईंट के टुकड़े से उनके बाईं आंख के नीचे वार कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई और खून निकलने लगा। गणेश यादव ने अपनी शिकायत में घटना के दौरान आसपास लोगों के मौजूद होने की बात भी कही है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट लिखने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सूने मकान का ताला तोड़कर 65 हजार की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराए के मकान में ताला लगाकर अपनी पिता के घर जाना एक महिला को महंगा पड़ गया, सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने 25 हजार नकद सहित 65 हजार का माल पार कर दिया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र के चिंगराजपारा की है, पुलिस प्रार्थिया की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चिंगराजपारा देवनचाल निवासी अलफिया खान पति स्वतंत्र साहू गृहिणी हैं। 22 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे अपने देवनचाल स्थित किराए के मकान में ताला लगाकर पास के बगल में रहने वाले माता-पिता के घर सोने चली गई। इस दौरान घर पूरी तरह से सूना था। 23 अक्टूबर की सुबह 10 बजे घर लौटने पर घर का ताला टूटा मिला, और अंदर जाकर देखने पर आलमारी के सभी सामान अस्त व्यस्त फैले थे। आलमारी में रखा मंगलसूत्र, सोने का लाकेट, बाली, चांदी का पायल,5 जोड़ी बिछिया, चांदी का 8 नग अंगेली, चांदी का ब्रेसलेट व 25 हजार नगद सहित 65 हजार का माल चोरी हो चुके थे। महिला की शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

10 थानों के टीआई व एसआई बदले गए


बिलासपुर। दीपावली से पहले कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 10 निरीक्षक व 1 एसआई को इधर से उधर किया है। इस फेरबदल के तहत शहर के कई अति-महत्वपूर्ण थानों सिविल लाइन, कोतवाली, तोरवा, सिरगिट्टी, तारबाहर और चकरभाठा के प्रभारियों में बदलाव किया गया है।

वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइन थाना में पदस्थ किशोर केंवट को वापस सिरगिट्टी भेज दिया गया है। उनकी जगह रविशंकर तिवारी को सिविल लाइन थाना प्रभारी बनाया गया । सरकंडा, कोटा और एसीसीयू का लंबा अनुभव रखने वाले निरीक्षक तोपसिंह नवरंग की बिल्हा से कोतवाली में पदस्थापना दी गई है। वहीं कोतवाली प्रभारी देवेश सिंह राठौर का तबादला सरगुजा किया गया है। काफी दिनों से रक्षित केन्द्र में ड्यूटी दे रहे निरीक्षक सनीप रात्रे को तारबहार थाने की कमान सौंपी गई है। कोतवाली, कोनी और तखतपुर जैसे थानों का अनुभव रखने वाले निरीक्षक विवेक पांडे को तोरवा थानेदार बनाया गया है। वहीं तोरवा टीआई रजनीश सिंह को रक्षित केंद्र भेज दिया गया है। सिरगिट्टी टीआई वाईपी सिंह को जिला विशेष शाखा भेजा गया है, एएसआई शोभनाथ यादव को विशेष शाखा से सिरगिट्टी थाना भेजा गया है। विशेष शाखा में जमें अजय साहू को बिल्हा टीआई बनाया गया है। समंस और वारंट शाखा में कार्यरत निरीक्षक अनिल अग्रवाल को चकरभाठा थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को प्रभारी समंस, वारंट शाखा में पदस्थ किया गया है।

मरवाही पहुंचा 52 हाथियों का दल



बिलासपुर। पसान से 52 हाथियों के दल ने मरवाही वन मंडल के अंदर प्रवेश करने के बाद ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरु कर दिया है। हाथियों की वजह से ग्रामीण काफी दहशत में हैं, जिन्हें वन विभाग की टीम समिति के माध्यम से अलर्ट करने के साथ समझाइश भी दे रही है।



■ कर रहा फसलों का नुकसान

पिछले 20 दिनों से कटघोरा और मरवाही वन मंडल के बीच पसान के पास नदी और जंगल में विचरण कर रहे 52 हाथियों के दल ने अचानक मरवाही क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। हाथियों का दल मटियाडांड बीट के अखराडांड कक्ष क्रमांक 2002 और दानीकुंडी के पास विचरण कर रहा है। हाथियों की अचानक आने के कारण ग्रामीण भी काफी दहशत में आ गए हैं। वहीं मरवाही क्षेत्र के मुख्य एरिया में भी हाथियों के अचानक आने की आशंका से लोग भयभीत हो गए हैं। हाथियों की मौजूदगी को देंखते हुए वन विभाग भी सतर्क हो गया है। गुरुवार की देर रात से हाथियों के दल ने एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल मौके पर पहुंचकर लगातार हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। वहीं आसपास के ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की अपील की जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने में सावधानी बरतने, हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाने की समझाइश के साथ परेशानी नहीं करने की सलाह भी देना शुरु कर दिया गया है, ताकि हाथी किसी तरह से आक्रमक न हो सके।

इस संबंध में मरवाही वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 52 हाथियों का दल वर्तमान में दानीकुंडी के पास विचरण कर रहा है। हाथियों के दल ने अब तक फसलों को ही नुकसान पहुंचाया है, वहीं जनहानि और किसी भी मकान को क्षति नहीं हुई है। गांव व जंगल की समिति के माध्यम से मुनादी कराने के साथ अलर्ट किया जा रहा है। वहीं हाथी मित्र दल, स्क्वायड की टीम लगातार हाथी पर निगरानी रखे हुए हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152



